AISSJC/MEETING-MCM-II/25-27/3624/25/759 दिनांक : 25.08.2025

राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति सभा की सूचना

मान्यवर महोदय

सादर जय जिनेन्द्र!

हम आशा करते हैं कि आप सपरिवार स्वस्थ एवं प्रसन्नचित होंगे।

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की **राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति** (कार्यकाल 2025–27) की सभा **राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय श्रीमान् अतुलजी जैन** की अध्यक्षता में **बुधवार, दिनांक 17 सितम्बर 2025** को **दोपहर 02:00 बजे से श्री लब्धि विक्रम राज यशसूरजीश्वरी जैन तीर्थ, श्री शंखेश्वर जैन महातीर्थ (कर्ण जैन मंदिर) नेशनल हाइवे नंबर 48, मु. पोस्ट – बलेश्वर, तालुका पलसाणा, जिला सूरत – 394 305 (गुजरात)** में आयोजित की जा रही है। आपश्रीजी से सादर अनुरोध है कि सभा में पधारकर अपने विचारों एवं महत्वपूर्ण सुझावों से लाभान्वित करें।

सभा में विचारणीय विषय सूची निम्न प्रकार से है ।

विषय सूची :–

01. मंगलाचरण ।
02. दिवंगत साधु–साध्वीवृंद एवं श्रावक–श्राविकाओं को श्रद्धांजलि ।
04. गत् सभा की कार्यवाही की पुष्टि करना ।
05. सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व तक प्राप्त आजीवन सदस्यता आवेदन पत्रों पर विचार–विमर्श एवं स्वीकृति प्रदान करना ।
06. वर्ष 2024–25 के ऑडिटेड अकाउंट्स की प्रस्तुति एवं स्वीकृति तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सभा में प्रस्तुत करने हेतु संस्तुति ।
07. वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये लेखा परीक्षक (ऑडिटर) की नियुक्ति करना।
08. संविधान / नियम–उपनियम संशोधन समिति द्वारा तैयार किए गए संशोधित संविधान के प्रारूप को प्रस्तुत करना ।
09. अन्य विषय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय जी की आज्ञा से ।

धन्यवाद सहित !

भवदीय

(डॉ. अमितराय जैन)

राष्ट्रीय महामंत्री

नोट :
1. संपूर्ण सभा में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।
2. कोरम के अभाव में सभा उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे के बाद होगी।
3. यदि कोई सदस्य किसी प्रकार की जानकारी चाहते हैं तो, केन्द्रीय कार्यालय को सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व लिखित रुप में सूचना भेजें अन्यथा सभा में आपके द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थता हो सकती है।
4. अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र : कार्यालय : 011 – 23363729, 23365420, 90197 31906 डॉ. अमितराय जैन (राष्ट्रीय महामंत्री) : 98373 94448, श्री जयंतिलाल कूकड़ा जैन–राष्ट्रीय समन्वयक (ज़ोन–5) : 98251 35744 एवं श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव–प्रबंधक जैन कॉन्फ्रेंस : 98830 18244, ई–मेल : aissjc1906@gmail.com
5. कृपया सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व तक अपने आने की सूचना उपरोक्त लिखित नम्बरों पर संपर्क कर अवश्य देवें ताकि आपके ठहरने आदि की व्यवस्था समुचित रूप से की जा सके।